साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## एजुकेशन

### डूडल 4 गूगल से पा सकते हैं 5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति


गूगल ने सोमवार को '2018 डूडल 4 गूगल' प्रतियोगिता की घोषणा की। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से रचनात्मक, कला प्रेमी विद्यार्थियों को सर्च इंजन के लिए लोगो बनाने के



लिए उनकी कल्पनाशीलता के साथ आमंत्रित किया गया है। इस साल डूडल का विषय 'आपको क्या प्रेरित करता है' है डूडल में शामिल अक्षरों (जी-ओ-ओ-एल-ई) को मोम, मिट्टी, वाटर कलर्स और ग्राफिक डिजाइन से बनाया जा सकता है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके विजेता को अपनी कलाकृति के माध्यम से अपनी प्रेरणा साझा करने के अवसर के साथ पांच लाख रुपये की कॉलेज छात्रवृत्ति मिलेगी।

जीतने वाले डूडल को गूगल के होमपेज पर बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से दस तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं और रचना को जमा करने की अंतिम तिथि 6 अक्तूबर है। अतिथि निर्णायकों की समिति के साथ गूगल में डूडल टीम के नेतृत्वकर्ता रेयान जर्मिक इस साल प्रविष्टियों की समीक्षा करेंगे। 'डूडल 4 गूगल इंडिया' का प्रथम संस्करण का आयोजन 2009 में हुआ था, जिसका विषय 'मेरा भारत' था।

### पेपर लीक से बचने के लिए स्कूलों में ऑनलाइन पहुंचेंगे प्रश्नपत्र




काउंसिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) पेपर लीक के खतरों से निपटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करेगा। पूरे देश के स्कूलों में प्रश्नपत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसका प्रयोग सत्र 2018-19 से कक्षा 9 व 11 की परीक्षा के माध्यम से किया जाना था। इस काम में आ रही तकनीकी खामियों को देखते हुए फिलहाल इसे टाल दिया गया है। अब इसे सत्र 2019-20 में लागू करने की घोषणा की गई है।

बोर्ड ने नवंबर और फरवरी में कक्षा 9 व 11 की परीक्षा पूरे देश में एक साथ कराने का निर्णय लिया था। इसके लिए बोर्ड ने स्कीम भी जारी कर दी थी। स्कूलों को बताया गया था कि उन्हें पेपर ऑनलाइन मिलेंगे। पूरे देश में एक साथ परीक्षा के कारण स्कूलों के लिए समय से सिलेबस तैयार करना भी चुनौती बन गया था। अभी गृह परीक्षा होती थी जो स्कूल अपने स्तर पर तय करते थे।

**तकनीक के ट्रायल की थी तैयारी**

बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए कक्षा 09 व 11 में तकनीक का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर करना चाहता था। इसमें ऑनलाइन पेपर स्कूलों को भेजे जाने थे। कूट संदेशों में इन पेपरों को भेजा जाना था जो बाद में सही भाषा में बदल जाते। बोर्ड की ओर से कहा गया है कि यह तकनीक अभी विकसित की जा रही है। इस कारण इसमें पेपर लीक के खतरे भी संभव थे। ऐसे में सत्र 2018-19 से कक्षा 09 व 11 की राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा के फैसले को टाल दिया गया है।

**सत्र 2019-20 से लागू होगा**

बोर्ड ने स्कूलों को भेजे संदेश में कहा है कि अब सत्र 2019-20 से कक्षा 9 व11 की परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर कराई जाएगी। 4 से 25 नवंबर 2019 तक मिड टर्म और 10 फरवरी से 4 मार्च 2020 तक वार्षिक परीक्षाएं संभावित हैं। स्कूलों को इन तिथियों तक अपना सिलेबस पूरा कराना होगा। फिलहाल बोर्ड ने मॉडल पेपर अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। इससे प्रारूप समझना आसाना होगा। वर्तमान सत्र में परीक्षा स्कूल अपने स्तर पर ही कराएंगे

# भारत का मानव अंतरिक्ष अभियान 15,000 नौकरियों का करेगा सृजन : इसरो अध्यक्ष

बेंगलुरु (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के. सिवन ने बुधवार को कहा कि भारत के मानव अंतरिक्ष अभियान परियोजना में करीब 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। भारत ने 2022 तक मानव को अंतरिक्ष में भेजने का लक्ष्य रखा है। इसरो प्रमुख ने कहा, हमारा अनुमान है कि मानव अंतरिक्ष अभियान के तहत आने वाले कुछ वर्षों में करीब 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। इसरो कई सरकारी वैज्ञानिक संस्थानों, अकादमी, उद्योग और स्टार्टअप के सहयोग से अंतरिक्ष यान से मानव को भेजने की योजना पर काम कर रहा है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री को धरती से 350-400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष में भेजने का लक्ष्य रखा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री एक सप्ताह तक अंतरिक्ष में रहेंगे। इसरो इस लक्ष्य को 2022 तक पूरा करना चाहता है। सिवन ने कहा, मानव की अंतरिक्ष की उड़ान सिर्फ इसरो की नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय परियोजना होगी क्योंकि इसमें हम कई संस्थानों, अकामियों और उद्योग का सहयोग लेंगे।

भारतीय वायुसेना के पूर्व पायलट राकेश शर्मा अब तक एकमात्र भारतीय नागरिक हैं जो अंतरिक्ष में जा चुके हैं। वह कजाख सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक (तत्कालीन सोवियत संघ का अंग) से दो अप्रैल 1984 को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले सोयुज टी-11 के क्रू का हिस्सा थे।

## चोरी की वारदातों से बचने के लिए सरकार ने बदले एटीएम में कैश डालने के नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर में चोरों व बदमाशों के द्वारा एटीएम में पैसे भरते समय लुट की वारदातें अकसर सामने आती है। ऐसे में एटीएम से जुड़ी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसके नियमों में कुछ अहम बदलाव किए है।

सरकार के नए नियमों के तहत एटीएम की एक कैश वैन में सिंगल ट्रिप में 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रखे जाएंगे और कैश वैन की सुरक्षा के लिए तैनात किए कर्मचारियों को लुट के हमले और हर प्रकार के खतरों से निपटने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी और कैश ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े सभी कर्मचारियों का आधार वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा।

इसके अलावा देश के शहरी इलाकों में रात को 9 बजे के बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में शाम 6 बजे के बाद किसी भी एटीएम में कैश नहीं भरा जाएगा। इसके अलावा सभी कैश वैन में जीएसएम बेस्ड ऑटो-डायलर के साथ सिक्योरिटी अलार्म और मोटराइज्ड सायरन, सीसीटीवी, लाइव जीपीएस ट्रैकिंग आदि सभी लगाए जाएंगे।

## हिमालय कंपनी पर लगा जीएसटी चोरी का आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयुर्वेदिक और हर्बल दवाइयां बनाने वाली कंपनी हिमालय ड्रग कंपनी कथित रूप से जीएसटी चोरी किए जाने के कारण इनकम टैक्स की नजरों में आ गई है। कंपनी ने जीएसटी की यह चोरी वेट बेबी वाइप्स पर की है। टूथपेस्ट से लेकर फ़ार्मासूटिकल प्रॉडक्ट्स बनाने वाली इस कंपनी के दफ्तर पर भी इस मामले को लेकर छापे मारे गए हैं।

हिमालय कंपनी कथित रूप से वेट बेबी वाइप्स पर 18 प्रतिशत की जगह 12 प्रतिशत जीएसटी दे रही थी। कंपनी का कहना था कि यह प्रॉडक्ट नॉन-कॉस्मेटिक नैपकिन्स की रेंज में आता है। पिछले साल जुलाई में वेट बेबी वाइप्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया जो बाद में घटकर 18 प्रतिशत वाले स्लैब में आ गया था।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी के बेबी वाइप्स को लेकर आयकर विभाग को कोई गलतफहमी हो गई है और कंपनी ने इस पर सफाई दे दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी हमेशा अपना टैक्स चुकाती है। आगे उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी इस मामले में अधिकारियों का पूरा सहयोग करेगी।

## वोडाफोन-आइडिया ने रिटेलर्स का कमीशन डबल किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर ने संयुक्त रूप से भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बनने से पहले रिटेलर्स का सब्सक्राइबर-रिलेटेड इन्सेन्टिव्स दोगुना कर दिया है। इससे भारती एयरटेल और रिलायंस जियो इन्फोकॉम के साथ अधिक ग्राहक हासिल करने की होड़ तेज हो गई है। मुंबई सर्किल के एक डिस्ट्रिब्यूटर ने बताया, 'वोडाफोन इंडिया और आइडिया के रिटेलर्स को बताया गया है कि उन्हें हर नए कस्टमर के लिए 180 से 250 तक रुपये मिलेंगे। यह इस बात निर्भर करेगा कि उन्होंने ग्राहक को कौन सा रिचार्ज प्लान बेचा है। रिचार्ज की रकम जितनी ज्यादा होगी, इन्सेन्टिव भी उतना अधिक होगा।'

दो मोबाइल फोन ऑपरेटर्स की तरफ से हर नए सब्सक्राइबर के लिए रिटेलर को मिलने वाले इन्सेन्टिव में 70 से 80 रुपये की तेज बढ़ोतरी हुई है, जो इस महीने की आखिर में एक कंपनी के तौर पर काम करना शुरू कर देंगी। इस कंपनी का नाम वोडाफोन आइडिया लिमिटेड होगा।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

- इस मंदिर के परिसर में संस्कृत विद्यालय भी खोला गया था।
- राजा भोज के शासनकाल में धारा नगरी विद्या एवं विद्वानों का प्रमुख केन्द्र थी।
- भोज ने चितौड़ में त्रिभुवन नारायण मंदिर का निर्माण करवाया।
- भोजपुर नगर की स्थापना राजा भोज ने की थी।
- परमार वंश के बाद तोमर वंश का, उसके बाद चाहमान वंश का और अंततः 1297 ई. में अलाउद्दीन के सेनापति नसरत खां और उल्लुग खां ने मालवा पर अधिकार कर लिया।
- प्रतिहार साम्राज्य के पतन के बाद बुंदेलखण्ड की भूमि पर चंदेल वंश का स्वतंत्र राजनीतिक इतिहास प्रारंभ हुआ। बुंदेलखंड का प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति है।
- चन्देल वंश का संस्थापक है- नन्नुक।
- इसकी राजधानी खजुराहों थी। प्रारंभ में इसकी राजधानी कालिंजर थी।
- राजा धंग ने अपनी राजधानी कालिंजर से खजुराहों में स्थानांतरित की थी।
- चंदेल वंश का प्रथम स्वतंत्र एवं सबसे प्रतापी राजा यशोवर्मन था।
- यशोवर्मन ने कन्नौज पर आक्रमण कर प्रतिहार राजा देवपाल को हराया तथा उससे एक विष्णु की प्रतिमा प्राप्त की, जिसे उसने खजुराहों के विष्णु मंदिर में स्थापित की।
- धंग ने जिन्ननाथ, विश्वनाथ एवं वैद्यनाथ मंदिर का निर्माण करवाया।

कंदरिया महादेव मंदिर का निर्माण धंगदेव द्वारा 999 ई. में किया गया।
- धंग ने गंगा-जमुना के संगम में शिव की आराधना करते हुए अपने शरीर का त्याग किया।
- चंदेल शासक विद्याधर ने कन्नौज के प्रतिहार शासक राज्यपाल की हत्या कर दी, क्योंकि उसने महमूद के आक्रामण का सामना किये बिना ही आत्मसमर्पण कर दिया था।
- विद्याधर ही अकेला ऐसा भारतीय नरेश था जिसने महमूद गजनी की महत्वाकांक्षाओं का सफलतापूर्वक प्रतिरोध किया।
- चंदेल शासक कीर्तिवर्मन की राज्यसभा में रहने वाले कृष्ण मिश्र ने प्रबोध चन्द्रोदय की रचना की थी। इन्होंने महोबा के समीप कीर्तिसागर नामक जलाशय का निर्माण किया।
- आल्हा-उदल नामक दो सेनानायक परमर्दिदेव के दरबार में रहते थे, जिन्होंने पृथ्वीराज चौहान के साथ युद्ध करते हुए अपनी जान गंवाई थी।
- चंदेल वंश का अंतिम शासक परमर्दिदेव ने 1202 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक की अधीनता स्वीकार कर ली। इस पर उसके मंत्री अजयदेव ने उसकी हत्या कर दी।
- सोलंकी वंश का संस्थापक मूलराज प्रथम था। इसकी राजधानी अन्हिलवाड़ थी।
- मूलराज प्रथम शैवधर्म का अनुयायी था।
- भीम प्रथम के शासनकाल में महमूद गजनी ने सोमनाथ के मंदिर पर आक्रमण किया।
- भीम प्रथम के सामन्त बिमल ने आबू पर्वत पर दिलवाड़ा का प्रसिद्ध जैन मंदिर बनवाया।
- सोलंकी वंश का प्रथम शक्तिशाली जयसिंह सिद्धराज था।
- प्रसिद्ध जैन विद्वान हेमचन्द्र जयसिंह सिद्धराज के दरबार में था।

## हेल्थ

### बारिश में 'आंखों' का रखें खास ख्याल

मानसून में बारिश बच्चों व युवाओं के चेहरे पर खुशी ही नहीं, वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण की आशंकाएं भी साथ लाती है। इस तरह मानसून हमारे शरीर के सबसे संवेदनशील हिस्से 'आंखों' में कुछ हानिकारक समस्याएं भी पैदा करता है।



इंडस हेल्थ प्लस की प्रिवेंटिव हेल्थकेयर स्पेशलिस्ट कंचन नायकवाडी ने मानसून के दौरान आंखों की देखभाल के लिए कुछ प्रमुख और आसान सुझाव दिए हैं, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्वच्छ रहें - हमेशा अपनी आंखों के नजदीक आने वाले कपड़ों और अपने हाथों को साफ रखें। अपने निजी सामान जैसे तौलिए, चश्मा, कॉन्टेक्ट लेंस इत्यादि किसी के साथ साझा न करें। जब भी आप अपने घर से बाहर जाते हैं, तो धूप का चश्मा या चश्मा पहनें। वे बाहरी तत्वों को हमारी आंखों में प्रवेश करने से रोकते हैं।

अपनी आंखों का बहुत सावधानी से इलाज करें -रोजाना ठंडे पानी से अपनी आंखें धोएं। जागने या कॉन्टेक्ट लेंस को हटाने के बाद अपनी आंखों को जोर से न रगड़ें, क्योंकि यह कॉर्निया को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकता है।

मानसून के दौरान कॉन्टेक्ट लेंस न पहनें, क्योंकि वे आंखों में अत्यधिक सूखेपन का कारण बन सकते हैं, जिससे आंखें लाल हो सकती हैं और उनमें जलन हो सकती है। अपने चश्मे को साफ और सूखा रखें।

### नाशपाती खाने के ये फायदे आपको हैरत में डाल देंगे

नाशपाती में बहुत से विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं इसलिए इसको खाने से हमारे शरीर को विटामिन्स और मिनरल्स की पूर्ति हो जाती है। खट्टी-मीठी और रसीली स्वाद की नाशपाती होती है। तो आइये जानते हैं नाशपाती के सेहत के लिए औषधीय गुण मौजूद होते है। नाशपाती में फाइबर की काफी अच्छी मात्रा होती है, जोकि पाचन तंत्र को स्ट्रॉग बनाती है। नाशपाती खाने से कब्ज की परेशानी से राहत मिलती है।

नाशपाती का सेवन करने से पाचनतंत्र से संबंधित बीमारियों में लाभ होता है।

**एनीमिया-** नाशपाती में प्रचुर मात्रा में आयरन पाया जाता है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढाता है। अगर कोई एनीमिया से पीडित हो तो उसे प्रचुर मात्रा में नाशपाती को खाना चाहिए।



नाशपाती में मौजूद विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभाव को कम करने, झुर्रियों, मुंहासे और त्वचा से संबंधी अन्य समस्याओं को रोकने में मदद करता है। यह बालों के झड़ने, धब्बेदार अधः उम्र बढते की प्रक्रिया, मोतियाबिंद आदि अन्य समस्याओं के इलाज में सहायक होता है।

**एनीमिया-** नाशपाती में प्रचुर मात्रा में आयरन पाया जाता है, जो हीमोग्लोबिन के स्तर को बढाता है। अगर कोई एनीमिया से पीडित हो तो उसे प्रचुर मात्रा में नाशपाती को खाना चाहिए।

नाशपाती में मौजूद विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभाव को कम करने, झुर्रियों, मुंहासे और त्वचा से संबंधी अन्य समस्याओं को रोकने में मदद करता है। यह बालों के झड़ने, धब्बेदार अध- उम्र बढते की प्रक्रिया, मोतियाबिंद आदि अन्य समस्याओं के इलाज में सहायक होता है।

### गुलाब जल के ये हैं सेहत भरे लाभ

गुलाबजल एक प्राकृतिक उत्पाद है। गुलाब सिर्फ खूबसूरती के लिए ही नहीं, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसके सही इस्तेमाल के लिए गुलाब को कई प्रक्रियाओं से गुजार कर आप तक पहुंचाना आसान काम नहीं। इस गुलाब के जल से आप अपना सौंदर्य कैसे निखार सकती हैं, इसी संबंध में यहां दिए जा रहे हैं।



कुछ कारगर उपाय जानकर दंग रह जाएंगे आप... गुलाबजल एंटीसेप्टिक और एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर माना जाता है। जो आपकी आंखों को धूल, प्रदूषण, जलन लालपन और मेकअप प्रोडक्ट के हानिकारक तत्वों के प्रभाव से दूर रखने के लिए मददगार है। रात को सोने से पहले कच्चे दूध में गुलाबजल की कुछ बूंदें मिलाकर कॉटन से चेहरे, गर्दन और हाथों की त्वचा को अच्छी तरह साफ करें। इससे त्वचा पर जमी दिन भर की धूल-मिट्टी हट जाएगी और त्वचा सुंदर दिखेगी।